भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1015**

दिनांक 04.03.2015/13 फाल्गुन, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**पश्चिमी तट पर राष्ट्रीय समुद्री पुलिस अकादमी स्थापित किया जाना**

**1015. श्री दिलीपभाई पंडया :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पश्चिमी तट पर राष्ट्रीय समुद्री पुलिस अकादमी स्थापित करने का विचार रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या गुजरात सरकार ने इस प्रयोजनार्थ भूमि देने की पेशकश की है और इस प्रयोजनार्थ अभ्यावेदन किया है; और
(ग) यदि हां, तो यह प्रस्तावित समुद्री पुलिस अकादमी कब तक अपना कार्य करना शुरु कर देगी?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू)

**(क) और (ख) : जी, हां । भारत सरकार ने देश में सभी तटीय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के समुद्री पुलिस कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए गुजरात सरकार द्वारा राज्य के देवभूमि द्वारका जिले के पिंडारा गांव में स्थित प्रस्तावित भूमि में राष्ट्रीय पुलिस प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने का निर्णय किया है ।**

**(ग) : इस संस्थान को संचालित करने में कम से कम 4 वर्ष का समय लगेगा ।**

*****